**NORTH CENTRAL RAILWAY**
**Railway Recruitment Cell**
**Prayagraj**

*Nawab Yusuf Road,*
*Balmiki Chauraha, Civil Lines,*
*Prayagraj- 211001*
*Phones (Rly): 0532-23961*
*E-Mail: ncr.rrcpryj@gmail.com*

# सीईएन आरआरसी–01 / 2019 (लेवल–01)
# दस्तावेज सत्यापन संबंधी महत्वपूर्ण सूचना

———

सीईएन आरआरसी–01 / 2019 के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के लिए शॉर्टलिस्टेड किये गये उम्मीदवारों की सूची आरआरबी / प्रयागराज (इलाहाबाद) द्वारा दिनांक 22.12. 2022 को 17.08.2022 से 11.10.2022 तक की अवधि के दौरान आयोजित कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में उनके प्रदर्शन के आधार पर घोषित की गई। 13202 अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) दिनांक 16.01.2023 से 02.02.2023 तक डीएसए ग्राउण्ड, प्रयागराज में आयोजित किया गया।

1. केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं० आरआरसी 01 / 2019 के अन्तर्गत लेवल–1 के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेज सत्यापन हेतु पीईटी क्वालीफाईड एवं मेरिट अनुसार अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन तथा चिकित्सा परीक्षण **दिनांक 23.06.2026** को रेल भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज कार्यालय में कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। (रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र E(NG)II/2023/RR-1/63, दिनांक 20.03.2026 & 29.04.2026)

2. उक्त हेतु ई–बुलावा पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक शीघ्र ही रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट (www.rrcpryj.org) पर उपलब्ध कराया जायेगा। दिनांक 23.06.2026 को पर्याप्त वैध कारण से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को दिनांक 24.06.2026 को दस्तावेज सत्यापन हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। जो अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच में उपयुक्त पाये जाएंगे, उन्हें चिकित्सा जांच / परीक्षण हेतु उसी दिन अथवा अगले दिन उत्तर मध्य रेलवे के रेलवे चिकित्सालयों यथा–प्रयागराज, कानपुर, आगरा एवं झांसी भेजा जाएगा। अतः उम्मीदवार स्वयं के रूकने की व्यवस्था एवं आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करके आएं निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में परिवर्तन हेतु किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।

3. अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने सभी मूल दस्तावेज एवं दो सेट स्व–सत्यापित प्रति (शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, जन्मतिथि, समुदाय संबंधित प्रमाण–पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में, नवीनतम ओबीसी प्रमाण–पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण–पत्र, अन्य अपेक्षित दस्तावेज, कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के ई–बुलावा पत्र (अभ्यर्थी प्रति), आधार कार्ड, 06 फोटोग्राफ इत्यादि) सहित दस्तावेज सत्यापन व चिकित्सा जांच हेतु निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होंगे।

4. अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच हेतु प्रोविजनल तौर पर बुलाया गया है। अभ्यर्थियों को अधिसूचना में दी गयी पात्रता संबंधी समस्त शर्तों को पूरा करने पर, पद के अनुरूप निर्धारित चिकित्सा श्रेणी एवं मेरिट के आधार पर तथा रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर प्रोविजनली (अनंतिम) पैनल पर रखा जायेगा।

5. दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच में अभ्यर्थी को बुलाना उसे किसी भी प्रकार से रेलवे में नियुक्ति के लिये अधिकार प्रदान नहीं करता है। दस्तावेज सत्यापन मात्र चयन प्रक्रिया का एक चरण है। दस्तावेज के सत्यापन हेतु मात्र बुलाया जाना यह संकेत नहीं करता है कि अभ्यर्थी का नाम अंतिम मेरिट सूची में भी होगा। भर्ती के किसी भी चरण में निर्धारित दिशा–निर्देशों/शर्तों/आवश्यक अर्हताओं को पूरा नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।दस्तावेज सत्यापन के समय अपने मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले उम्मीदवारों को अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

6. प्रस्तावित दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच हेतु अनंतिम (प्रोविजनली) रूप से सूची बद्ध किये गये अभ्यर्थियों के रोल नंबर की सूची जारी की जा रही है। समुदाय–वार कट ऑफ निम्नवत है–

| ओबीसी | एससी | ईडब्ल्यूएस |
|---|---|---|
| 64.20123<br>(D.O.B. 12/03/2000) | 56.98761<br>(D.O.B. 10/04/1998) | 57.42587 |

7. यद्यपि परीक्षा परिणाम तैयार करने में सभी सावधानियॉ बरती गई हैं, अपितु रेल भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज, त्रुटियों तथा भूलों, (यदि कोई हो) के सुधार हेतु समस्त अधिकार सुरक्षित रखता है। रेल भर्ती प्रकोष्ठ/प्रयागराज, मुद्रण त्रुटियों हेतु जिम्मेदार नहीं होगा। रेल भर्ती प्रकोष्ठ/प्रयागराज, असफल अभ्यर्थियों से किसी प्रकार के पत्र व्यवहार के लिए अपनी असमर्थता व्यक्त करता है।

दिनांक 12.06.2026

अध्यक्ष
रेल भर्ती प्रकोष्ठ
प्रयागराज

चेतावनीः

- प्रभाव दिखाकर या अनुचित और अनैतिक साधनों के इस्तेमाल से रेलवे में नौकरी दिलाकर कपट करने वाले दलालों और नौकरी दिलाने वाले घोटालेबाजों से सावधान रहें। रेलवे ने इस हेतु किसी एजेंट या कोचिंग केंद्र की नियुक्ति नहीं की है। उम्मीदवारों को ऐसे व्यक्तियों/एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले दावों के बारे में सचेत किया जाता है। उम्मीदवारों का चयन पूर्णतः मेरिट के आधार पर होता है। अनैतिक तत्वों से सावधान रहें और उनके चंगुल में न फंसे। रेलवे भर्ती बोर्ड/रेल भर्ती प्रकोष्ठ को अप्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।
- उम्मीदवारों को केवल रेलवे भर्ती बोर्ड/रेल भर्ती प्रकोष्ठ की आधिकारिक वेबसाइट से परामर्श लेने और अनैतिक तत्वों/दलालों द्वारा बनाई गई जाली वेबसाइटों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।

| Documents Verification - 23/06/2026 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **List of Candidates called for Documents Verification at RRC/ NCR/ Prayagraj** | | | | |
| **Roll No.** | **Roll No.** | **Roll No.** | **Roll No.** | **Roll No.** |
| 134195190114055 | 134194190316065 | 134194190458112 | 134194190432180 | 134194190637457 |
| 134194190312570 | 134194270303307 | 134194190457065 | 134194190647501 | 134194260661131 |
| 134194190637008 | 134192190168780 | 134192170164852 | **TOTAL = 13** | |